झारखण्ड सरकार

**उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग**

(झारखण्ड राज्य उच्च शिक्षा परिषद्)

योजना भवन, नेपाल हाउस, डोरण्डा, राँची–834002 (झारखण्ड)

पत्रांक–RUSA/Misc-5/2022/HTESD-15 राँची/दिनांक- 11/01/2024

प्रेषक,

**गरिमा सिंह (भा॰प्र॰से॰)**
निदेशक,

सेवा में,

**कुलसचिव,**
राज्य के सभी केन्द्रीय/राजकीय/ निजी/डीम्ड विश्वविद्यालय

.............................................................................................................

**प्राचार्य/प्राचार्या,**
सभी अंगीभूत एंव सम्बद्ध महाविद्यालय

.............................................................................................................

**प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक,**
सभी राजकीय एवं निजी अभियंत्रण एवं पॉलटेक्निक संस्थान।

विषयः– **भारतीय रिजर्व बैंक, राँची कार्यालय के द्वारा वित्तीय एवं साइबर धोखाधड़ी पर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से झारखण्ड के सभी महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालयों के छात्र–छात्राओं के लिए निबंध प्रतियोगिता में अधिक से अधिक प्रतिभागियों के भाग लेने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने के संबंध में।**

प्रसंगः– श्री प्रेम रंजन प्रसाद सिंह, क्षेत्रीय निदेशक, झारखण्ड, भारतीय रिजर्व बैंक का पत्रांक– वि.स.वि.वि(राँची) S22/04.03.001/2023-24 दिनांक 05.01.2024

महाशय/महाशया,

उपर्युक्त विषय एवं प्रसंगाधीन पत्र की छायाप्रति संलग्न करते हुए सूचित करना है कि भारतीय रिजर्व बैंक, राँची कार्यालय के द्वारा वित्तीय एवं साइबर धोखाधड़ी पर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से झारखण्ड के सभी महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालयों के छात्र–छात्राओं के लिए निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। उक्त निबंध प्रतियोगिता के अंतर्गत निबंध का विषय **"अपने आस–पास वित्तीय धोखाधड़ी व साइबर फ्रॉड की कोई घटना और उससे बचने के उपाय"** है। भारतीय रिजर्व बैंक के द्वारा इस प्रतियोगिता में अधिक से अधिक प्रतिभागिता हेतु अनुरोध किया गया है।

विदित हो कि उक्त निबंध प्रतियोगिता के अंतर्गत प्रतिभागियों को विहित प्रारुप में लगभग 800 शब्दों में निबंध लिख कर दिनांक 19.01.2024 तक finaware@rbi.org.in पर ईमेल के माध्यम से प्रेषित किया जाना है।

अतः अनुरोध है अपने संस्थान में अध्ययनरत विद्यार्थियों को उक्त निबंध प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु प्रेरित करने तथा इसमें अधिक से अधिक प्रतिभागिता सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन

अनुलग्नकः–यथोक्त।

(गरिमा सिंह)
निदेशक।

ज्ञापांकः– RUSA/Misc-5/2022/HTESD-15 राँची, दिनांक 11/01/2024

प्रतिलिपिः– प्रेम रंजन प्रसाद सिंह, क्षेत्रीय निदेशक, झारखण्ड, भारतीय रिजर्व बैंक को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक।

बेटी बचाओ
बेटी पढ़ाओ

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

Dir.(H)/Dir.(T)
Plz do needful

क्षेत्रीय निदेशक, झारखंड
वि.स.वि.वि (राँची)
S22/04.03.001/2023-24

ADCD

05 जनवरी 2024

प्रिय श्री राहुल जी

## वित्तीय एवं साइबर धोखाधड़ी पर जागरूकता बढ़ाने हेतु महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों के छात्र-छात्राओं के लिए निबंध प्रतियोगिता

उपर्युक्त विषय पर हम सहर्ष सूचित करते हैं कि भारतीय रिज़र्व बैंक, राँची कार्यालय द्वारा वित्तीय एवं साइबर धोखाधड़ी पर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से झारखंड के सभी महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों के छात्र-छात्राओं के लिए एक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

2. निबंध का विषय **"अपने आसपास वित्तीय धोखाधड़ी व साइबर फ्रॉड की कोई घटना और उससे बचने के उपाय"** रखने का निर्णय लिया गया है। इस संदर्भ में, प्रतिभागी वित्तीय एवं साइबर धोखाधड़ी की कोई घटना, जो उनके आसपास हुई हो और उससे बचाव के उपायों के बारे में, लगभग **800 शब्दों** में (**संलग्न प्रारूप में**) निबंध लिख कर प्रविष्टियाँ दिनांक **19 जनवरी 2024** तक ई मेल के माध्यम से (**finaware@rbi.org.in**) भारतीय रिज़र्व बैंक, राँची को प्रेषित कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त प्रविष्टियों पर विचार नहीं किया जाएगा। प्रतियोगिता में विजेताओं के लिए प्रथम, द्वितीय, तृतीय सहित दो सांत्वना पुरस्कार भी रखे गए हैं। पुरस्कार की राशि निम्नानुसार होगी।

| | |
|---|---|
| **प्रथम** | **₹11,000/-** |
| **द्वितीय** | **₹7,000/-** |
| **तृतीया** | **₹4,000/-** |
| **सांत्वना पुरस्कार (दो)** | **₹2,000/-** |

3. अत: आपसे अनुरोध है कि उपर्युक्त सूचना सभी जिलों के सारे महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों के साथ साझा करें ताकि वे अपने छात्र-छात्राओं को ससमय सूचित कर सकें और अधिक से अधिक प्रतिभागी इस प्रतियोगिता में शामिल हो सकें।

भवदीय

(प्रेम रंजन प्रसाद सिंह)

प्रधान सचिव कोषांग
उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग
गै०स०प्रे०सं० 77
दिनांक 08.01.24

**राहुल पुरवार**
**प्रधान सचिव, झारखंड सरकार**
**उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग**
**नेपाल हाउस, योजना भवन**
**डोरंडा, राँची- 834002**

वित्तीय समावेशन एवं विकास विभाग
भारतीय रिज़र्व बैंक, राँची

## भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा कॉलेज /विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए निबंध प्रतियोगिता
## RBI Essay Competition for College /University Students

**विषय:** "अपने आसपास वित्तीय धोखाधड़ी एवं साइबर फ्रॉड की कोई घटना और उससे बचने के उपाय"
**Topic:** "Any incident of Financial and Cyber Frauds around you and ways to prevent it".

| |
|---|
| Name/ नाम : |
| Name of the Institution/ शिक्षण संस्थान का नाम : |
| Institution Contact Info & Email Id: शिक्षण संस्थान का कांटैक्ट एवं ई मेल Id: |
| Academic Subject & Year/ शैक्षिक विषय एवं वर्ष : |
| District/ जिला : |
| Candidate Contact No: |
| Candidate Email Id: |

### निर्देश/INSTRUCTIONS

1. निबंध अभ्यर्थी द्वारा देखी, सुनी या अनुभव की गई कोई एक मूल घटना पर होना चाहिए ।
2. निबंध 800 शब्दों की शब्द सीमा के भीतर होना चाहिए।
3. निबंध हिंदी या अंग्रेजी (केवल एक) में होना चाहिए।
4. अपना निबंध ईमेल के माध्यम से finaware@rbi.org.in पर जमा करें ।
5. अपना निबंध 19 जनवरी 2024 तक जमा करें।
6. अपना निबंध केवल पीडीएफ प्रारूप में जमा करें।
7. उपरोक्त बॉक्स में सभी विवरण भरें।

1. The essay should be about any one original incident as seen, heard, or experienced by the candidate.
2The essay should be within the word limit of 800 words.
3. The essay should be either in Hindi or English (only one).
4. Submit your essay through e-mail to finaware@rbi.org.in
5. Submit your essay by January 19, 2024.
6. Submit your essay only in PDF format.
7. Fill all the details in the above box.

# WRITING SPACE

## WRITING SPACE

## WRITING SPACE